કર્મચારી રાજ્ય વીમા નિગમ
(શ્રમ અને રોજગાર મંત્રાલય, ભારત સરકાર)
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

सत्यमेव जयते

પ્રાદેશિક કચેરી / क्षेत्रीय कार्यालय / Regional Office
પંચદીપ ભવન, આશ્રમ માર્ગ, અમદાવાદ – 380014, ગુજરાત
पंचदीप भवन, आश्रम मार्ग, अहमदाबाद – 380014, गुजरात
Panchdeep Bhavan, Ashram Road, Ahmedabad -14, Gujarat
Phone: 079-27582400/450, E-mail: rd-gujrat@esic.nic.in
Website: www.esic.nic.in / www.esic.in

दिनांक : 30/08/2024

प्रेस नोट

विषय : ईएसआईसी, क्षेत्रीय कार्यालय, अहमदाबाद में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया ।

दिनांक 29.08.2024 को ईएसआईसी, क्षेत्रीय कार्यालय, अहमदाबाद में हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जन्म जयंती के उपलक्ष्य विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्‌घाटन श्री हेमंत कुमार पांडेय, क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी) , क्षेत्रीय कार्यालय, अहमदाबाद ने पूर्वाहन 11:00 बजे पंचदीप प्रज्ज्वलन एवं 'फिट इंडिया' शपथ ग्रहण के साथ किया । इस अवसर पर कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। श्री हेमंत कुमार पांडेय, क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी) ने हमारे जीवन में खेलों के महत्व को भी समझाया।

इस खेल कार्यक्रम में चेस (शतरंज) , टेबल-टेनिस, टग ऑफ़ वॉर (रस्साकशी) और लेमन रेस जैसे खेलों का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में कार्यालय के 100 से अधिक कर्मियों द्वारा बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया गया । इन खेलों के विजेता टीम को मेजर ध्यानचंद ट्रॉफी से सम्मानित गया तथा कार्यक्रम का समापन इस सन्देश के साथ किया गया कि खेलों में निहित टीम भावना को अपने जीवन में शामिल करेंगें ।

- क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी)

30/08/24